एक नजर में

सेवानिवृत्त एवं पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक व होली मिलन समारोह संपन्न

पिपलियामण्डी। सेवानिवृत व पेंशनर महासंघ की बैठक व होली मिलन समारोह गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर देवीलाल सेठिया व पंकज शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। संघ का प्रेरणा गीत सेठिया ने प्रस्तुत किया। भगवतीप्रसाद गहलोत का पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल से सम्मानित किया। कन्हैयालाल कारपेंटर ने वंदे मातरम गीत प्रस्तुत किया व आध्यात्मिक विषय पर प्रेरक भजन सुनाया। पश्चात सभी उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने उद्गार तथा रचनाएं गीत प्रस्तुत किए। भगवतीप्रसाद गहलोत ने जन्म दिवस क्यों मनाया जाता है ? इसके बारे में बोलते हुए कहा, प्रतिवर्ष किसी का भी जन्म दिवस मनाते हैं तो उस पर उसके कार्यों की समीक्षा की जाती है व उसके अच्छे-बुरे पलों के आधार पर आगामी वर्ष की भावी जीवन यापन विधि तय कर ली जाती है। अम्बालाल कारपेंटर व हुकमीचंद कनेरिया ने स्वरचित प्रेरक रचना सुनाई, पंकज शर्मा ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। हरिसिंह यादव ने कहा जिन सदस्यों ने वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया है, उनसे शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने हेतु कहा बैठक में केसी टेलर, राजेंद्र कैथवास, वासुदेव धनोतिया, अमृतलाल जैन, बालूराम कराड़ा, राधेश्याम प्रजापति, सुरेश जैन, रामचंद्र आर्य, अशोक जैन, श्रीराम धनोतिया, घनश्याम आर्य, राधेश्याम सैनी, बालूराम कराड़ा, पीपी ओझा, सुनील राठौर आदि सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

सनातन संस्कृति एवं शक्ति की प्रतीक क्षत्रिय महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

मन्दसौर। रंगों के त्योहार होली के अवसर पर राजपूत महिलाओं द्वारा फाग उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पर्यावरण को ध्यान में रखकर सभी महिलाओं द्वारा फूलों और गुलाल से होली खेली। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती मेघना चौहान (भाटी) द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में दूरदराज व मन्दसौर से करीब साठ महिलाओं द्वारा नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होली खेली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती इन्द्रा कुंवर राठौड़, विशेष अतिथि श्रीमती संविता कुंवर राठौर, श्रीमती ज्योति कुंवर भाटी व श्रीमती शोभा कुंवर चौहान थीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोनिका राठौर, निधी राठौर व गीतांजली राठौर द्वारा किया गया। आभार श्रीमती सुधा राठौर व उमा कुंवर झाला ने किया। कार्यक्रम में आशा पंवार, शिल्पा चुण्डावत, मेघा चुण्डावत, कृष्णा राठौर, प्रकाश कुंवर राठौर, अंजना चौहान, चंचल राठौर, सुषमा राणा, प्रियम राठौर, उषा चौहान, नेहा चौहान, प्रीति राणा, नूतन, हंसा कुंवर, श्रैया राठौर, योगिता राठौर, मनीषा सिसोदिया, बुलबुल चौहान, वर्षा, उर्मिला चन्द्रावत, प्रेम कुंवर, निना फाला, यूमल, अमिषा, दीपशिखा सिसोदिया, मान्यता पंवार, ऐश्वर्या सिसोदिया, इन्दू कुंवर, पायल राणावत, कमलेश सिसोदिया, गिरजा कुंवर, अश्विनी राणा, कृतिका राठौड़, निर्मला चौहान, मोना राठौर, निर्मला चौहान, संगीता चुण्डावत, मनीषा, दिक्षिता पंवार, मंजू राठौड़, निधी चौहान, तनुश्री राठौर, आयुषी राठौर, शिवानी, रिया, नेहा, राजश्री, राजकुमारी आदि ने भाग लिया।

सुवासरा पुलिस की दबिश, 141 किलो डोडाचूरा व वाहन जब्त

मंदसौर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुवासरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 141 किलोग्राम डोडाचूरा, एक इको कार, चार मोटरसाइकिल तथा डोडाचूरा पीसने में उपयोग किए जा रहे मिक्सर जब्त किए हैं। हालांकि पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील व एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हंसपुरा के पास खेत में डोडाचूरा पीसा जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी, जहां से सात प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 141 किलो डोडाचूरा बरामद किया गया। मौके से एक मारुति इको कार (स्क्रा3ङ्क4489), चार मोटरसाइकिल, दो मिक्सर, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा सहित करीब 10 लाख रुपये से अधिक कीमत की सामग्री जब्त की गई। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी विक्रम सिंह, नेपाल सिंह, ईश्वर सिंह सहित दो अन्य साथी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी, एसआई लक्ष्मण सिंह डोडियार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मनोनीत

मन्दसौर। मंदसौर टैक्स बार एसोसिएशन की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु जनरल मीटिंग आयोजित की गई जिसमें एसोसिएशन के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष सीए अंकुश जैन, उपाध्यक्ष सीए आयुष जैन, सचिव आदिश जैन, सहसचिव अशोक पाटनी, कोषाध्यक्ष सीए मयंक जैन, लाइब्रेरियन सीए चेतन गुप्ता, स्वागत समिति अध्यक्ष सोहनलाल कोठारी, वी के राणावत, संरक्षक सीएम जैन, शांतिलाल डोसी को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष सीए अंकुश जैन सहित नवीन कार्यकारिणी को संघ के पूर्व अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, लोकेन्द्र जैन, मुकेश पारिख, वर्तमान कोषाध्यक्ष अर्पित नागदा और संघ के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी वर्तमान अध्यक्ष मुकेश पारिख ने दी।

नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

मंदसौर। म.प्र. पश्चिस क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड मंदसौर वृत्त के अधीक्षण यंत्री योगेश आटनेरे द्वारा बताया गया कि 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस लोक अदालत में मंदसौर, मल्हारगढ़, सीतामऊ संभाग के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का विशेष न्यायालय मंदसौर, गरोठ एवं भानपुरा तहसील न्यायालयों में लंबित विद्?युतीय न्यायालयीन प्रकरणों का एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरणों तथा मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।कंपनी द्वारा दी जाने वाली छूटें कंपनी की ओर से विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं मुकदमा पूर्व प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि 5 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू, 10 एच.पी. भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण निर्धारण राशि का एक मुश्त भुगतान किये जा ने पर निम्नानुसार छूट प्रदान की जावेगी - **धारा 135 (विद्युत चोरी प्रकरणों) हेतु :** प्री-लिटिगेशन स्तर पर आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30% छूट, ब्याज पर 100%छूट। प्री-लिटिगेशन स्तर पर आंकलित सिविल दायित्व की राशिपर 20% छूट, ब्याज पर 100% छूट। उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय परिसर मंदसौर एवं तहसील न्यायालय गरोठ व भानपुरा में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो समझौता वार्ता कर छूट का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान करेंगे।अधीक्षण यंत्री श्री आटनेरे ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 14 मार्च 2026 को लोक अदालत में उपस्थित होकर कंपनी द्वारा प्रदान की जा रही छूट एवं राहत योजनाओं का लाभ ले और न्यायालयीन प्रक्रिया से शीघ्र छुटकारा प्राप्त करें। यहाँ उल्लेखनीय है कि, विद्युत अधिनियम 2003 अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में 3 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

उज्जैन व्यापार मेले में कार खरीद पर 50 प्रतिशत स्मृति बैंक दे रहा ऑन रोड कीमत का 100 प्रतिशत तक ऋण

मंदसौर। उज्जैन में चल रहे व्यापार मेले में कार खरीदने वाले ग्राहकों के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आरटीओ शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसी अवसर को ध्यान में रखते हुए स्मृति नागरिक सहकारी बैंक ने भी कार खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए विशेष ऋण सुविधा शुरू की है।

स्मृति नागरिक सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील पंजवानी ने बताया कि उज्जैन मेले में कार खरीदने वाले ग्राहकों को बैंक द्वारा ऑन रोड प्राइस का 100 प्रतिशत तक कार ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक न्यूनतम ब्याज दर, अधिकतम अवधि तथा कम प्रोसेसिंग फीस पर यह सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि जहां अन्य राष्ट्रीयकृत और निजी क्षेत्र के बैंक सावधि जमा पर लगभग 6 से 7 प्रतिशत तक ब्याज दे रहे हैं, वहीं स्मृति बैंक द्वारा अति वरिष्ठ नागरिकों को सावधि जमा पर 8.25 प्रतिशत तक ब्याज दिया जा रहा है।

बैंक अपने ग्राहकों को अधिकतम 7.50 प्रतिशत तक ब्याज उपलब्ध करा रहा है।स्मृति बैंक द्वारा 'फोन घुमाओ, पैसे बचाओ' योजना भी शुरू की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक ग्राहक बैंक के ऋण विभाग से सीधे फोन पर संपर्क कर ऋण से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और न्यूनतम औपचारिकताएं पूरी कर ऋण ले सकते हैं।

इसके लिए ग्राहक 9111345614 (रणजीत) और 9111345649 (वैभव) नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उग्राहकों ने अन्य संस्थाओं से अधिक ब्याज दर पर ऋण लिया हुआ है, वे अपना ऋण स्मृति बैंक में कम ब्याज दर पर टेकओवर भी करवा सकते हैं।

एक नजर — **वैभव देशभर में की विभिन्न हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेकर कई पदक अपने नाम कर चुके है**

मंदसौर के हॉकी खिलाड़ी वैभव खुशालानी का ईस्टर्न रेलवे में चयन

मंदसौर। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले के होनहार हॉकी खिलाड़ी वैभव खुशालानी का चयन स्पोर्ट्स कोटे के तहत ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में हो गया है। यह उपलब्धि कई चरणों की ट्रायल और चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद प्राप्त हुई है। अब वैभव ईस्टर्न रेलवे की टीम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलते हुए नजर आएंगे।

उन्होंने बताया कि वैभव देशभर की विभिन्न हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई पदक अपने नाम कर चुके हैं और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। वैभव ने हॉकी की शुरुआत कक्षा 6वीं में मंदसौर के दशपुर विद्यालय से की थी। यहीं से उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया।

वैभव ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मंदसौर के हॉकी फीडर सेंटर तथा केंद्र सरकार द्वारा संचालित खेलो ईंडिया सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त किया और लंबे समय तक इसके नियमित सदस्य रहे।

इसके बाद वैभव का चयन गुजरात और मध्यप्रदेश दोनों हॉकी अकादमियों के लिए हुआ, लेकिन उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित पुरुष हॉकी अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षण लेना उचित समझा। वहीं से उन्होंने देश की लगभग सभी प्रमुख हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक अर्जित किए।

रेलवे में चयन से पहले वैभव युनियन बैंक ऑफ ईंडिया की ओर से स्टाइपेंड नियम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे थे।

वैभव की इस सफलता में उनके माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके पिता शंकर खुशालानी मंदसौर के अभिनंदन क्षेत्र में चाय व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद बेटे को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया।

नीमच

एक नजर में

फागुन की मस्ती में झूम उठा भूतेश्वर मंदिर, रचना क्लब की सदस्यों ने मनाया भक्ति भाव से फाग महोत्सव

नीमच। फागुन का महीना, कृष्ण लीलाओं की रंग भरी बस्ती, सोलह श्रृंगार से सजी-धजी मुस्कुराती महिलाएं, कान्हा की भक्ति में रमी राधा और गोपियाँ, और भजनों पर भावविभोर होकर नृत्य करती मीराएं ऐसा ही भक्तिमय और उल्लासपूर्ण दृश्य शहर के भूतेश्वर मंदिर में देखने को मिला, जहाँ रचना फाउंडेशन संस्था के रचना क्लब की सदस्याओं ने उत्साह और भक्ति के साथ फाग महोत्सव मनाया। 5 मार्च को आयोजित रचना फाग उत्सव में क्लब की सदस्या ज्योति शर्मा ने कान्हा का रूप धारण किया, वहीं अलका गोयल राधिका के रूप में सजीं। इस दौरान नन्हीं बालिका अनाया मित्तल ने भी कन्हैया बनकर अपनी मनमोहक अदाओं से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्याओं ने आधुनिक अंदाज में गॉगल्स लगाए लड्डू गोपाल को स्नेहपूर्वक दुलार कर यशोदा मैया के पावन ममत्व की अनुभूति को जीवंत करने का भावपूर्ण प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान सदस्या योगिता शर्मा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। भजनों की मधुर धुन पर सभी सदस्याएं नृत्य कर भक्ति रस में सराबोर हो गईं। इस अवसर पर सभी का स्वागत गुलाल का तिलक लगाकर किया गया और फूलों की होली खेलते हुए फागुन के रंगों का आनंद लिया गया।

मनासा में गोमाबाई नेत्रालय के नेत्र रोग जांच केंद्र का नवीन स्थल पर शुभारंभ

मनासा। प्रदेश के अग्रणी नेत्र चिकित्सालय गोमाबाई नेत्रालय, नीमच द्वारा मनासा में संचालित नेत्र रोग जांच केंद्र का नवीन स्थल सारडा कॉम्प्लेक्स, कोर्ट एरिया में शुभारंभ किया गया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद परामर्श शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। 15 मरीजों का चयन नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। 40 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे व दवाइयां वितरित की गईं तथा 15 मरीजों को उच्च स्तरीय जांच हेतु नीमच रेफर किया गया। नवीन केंद्र पर टेली कंसल्टेशन, आंखों की जांच, नंबर के चश्मे एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा बताया।

बजट शहर शहर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा : चोपड़ा

राजस्व सभापति खंडेलवाल द्वारा प्रस्तुत 273.77 करोड़ का बजट सर्वानुमति से पारित

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच के वर्ष 2026 -27 के बजट को लेकर साधारण सम्मेलन 6 मार्च शुक्रवार को बंगला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका स्थित परिषद हाल में नपाध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता व पीठासीन अधिकारी, सीएमओ दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में आहुत किया गया ! साधारण सम्मेलन में नगर पालिका की राजस्व एवं बाजार सभापति श्रीमती वंदना खंडेलवाल ने वर्ष 2026 -27 का 2 अरब 73 करोड़ 77 लाख 72 हजार 756 का बजट पेश किया जिसे उपस्थित परिषद के सभी सदस्यों ने सर्वानुमति से पारित कर स्वीकृत की मोहर लगाई!

राजस्व सभापति खंडेलवाल द्वारा प्रस्तुत बजट में 2 अरब 73 करोड़ 77 लाख 72 हजार 756 रुपए की संभावित आय एवं 2 अरब 71 करोड़ 88 लाख 65 हजार 301 रुपए का संभावित व्यय दर्शाते हुए 1 करोड़ 89 लाख 7455 की संभावित बचत दर्शाई गई है !

बजट सम्मेलन को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष चोपड़ा ने कहा कि यह बजट शहर में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा! चोपड़ा ने कहा कि नगर पालिका के इस बजट में शहर विकास की अनेक बड़ी-बड़ी योजनाओं को शामिल किया गया है जिससे शहर को विकास के नए पंख लगेंगे और नीमच शहर विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा!

बजट का वाचन करते हुए राजस्व एवं बाजार सभापति श्रीमती खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2026-27 के इस बजट में नमो पार्क, गीता भवन जैसी शासन की बड़ी योजनाओं के साथ ही नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन, मेडिकल कॉलेज के सामने यू शेप मार्केट, शहर में फूड जॉन, शहर में प्रवेश करने वाले रास्तों पर सुंदर स्वागत द्वार सहित विकास के अनेक कार्यों को सम्मिलित किया गया है! इसी के साथ बजट में दो कॉलोनी विकसित करने के लिए भी पर्याप्त राशि रखी गई है जिससे आवासीय एवं व्यवसायिक कॉलोनी विकसित की जाएगीओर नगर पालिका को इससे बहुत बड़ी आय प्राप्त होगी जो शहर विकास पर खर्च की जाएगी!

बैठक में सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षदों के साथ ही नपा के कार्यालय अधीक्षक कन्हैया लाल शर्मा, लेखाधिकारी जमनालाल पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला सहित नगर पालिका के अनेक अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे!

नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद नई रेल लाइन को मिली मंजूरी

380 किमी परियोजना का होगा फाइनल सर्वे

नीमच। आदिवासी बहुल क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने एक अहम फैसला लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने करीब 380 किलोमीटर लंबी नीमच-बांसवाड़ा-दाहोद-नंदुरबार नई रेल लाइन के लिए अंतिम सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की मंजूरी दे दी है। यह प्रस्तावित रेल परियोजना नीमच (मध्य प्रदेश), बांसवाड़ा (राजस्थान), दाहोद (गुजरात) और नंदुरबार (महाराष्ट्र) सहित आदिवासी बहुल क्षेत्रों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

रेल मंत्री के अनुसार यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल दूरदराज के इलाकों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि व्यापार, उद्योग और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

बांसवाड़ा क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध है। यहां मैंगनीज, डोलोमाइट, चूना पत्थर, सोना, तांबा और क्वार्टजाइट जैसे खनिज बड़ी मात्रा में पाए जाते हैं।

पहली बार बांसवाड़ा को मिलेगी रेल

रेल मंत्री ने बताया कि बांसवाड़ा अब तक रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ा था। प्रस्तावित रेल लाइन के जरिए इसे दाहोद से जोड़ा जाएगा, जिससे दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग के लिए एक छोटा और वैकल्पिक रूट भी उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कई शहरों को फायदा मिलेगा, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक आबादी वाला शहादा शहर भी शामिल हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रेल लाइन आदिवासी क्षेत्रों को मुख्यधारा के विकास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एक नजर — **एक लाख 38 हजार ट्रेक्टर ट्रॉली मिट्टी किसानों ने अपने खेतों में डाली- नये खेत तैयार**

जिला प्रशासन नीमच द्वारा जनसहयोग से जल संवर्धन की सार्थक पहल

नीमच। जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिल में जन सहयोग से जल संवर्धन का अभियान 2025 चलाया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निर्देशन में चलाए गये जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत गत वर्ष जिले में 243 ग्राम पंचायतों में गहरीकरण के लिए कुल 1660 तालाबों, चेकडेम, स्टाप डेम एवं अन्य जल संरचनाओं को चिन्हित कर, 982 जल संरचनाओं का जन सहयोग से गहरीकरण कर एक लाख 38 हजार ट्रेक्टर ट्राली मिटटी निकालकर किसानों ने अपने खेतों में डाली हैं।

इस कार्य में कुल 5871 ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता की हैं। इससे एक ओर जहां तालाबों एवं जल संरचनाओं का गहरीकरण होकर उनकी जल भराव क्षमता 4.14 लाख घन मीटर बढ़ी है। साथ ही किसानों को अपने खेतों के लिये उपजाऊ मिटटी भी उपलब्ध हुई हैं। किसानों से तालाबों से निकाली मिट्टी का उपयोग नये खेतों को तैयार करने में किया हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत जिले में 830 खेत तालाबों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, इसमें से 510 खेत तालाबों

का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं। जिले में 1968 डगवेल रिचार्ज के कार्य स्वीकृत किए गए थे। इनमें से अबतक 1783 डगवेल रिचार्ज के कार्य पूर्ण हो गये है। जिले में गत वर्ष 18 अमृत सरोवर निर्माण के कार्य किए गऐ हैं।

इस वर्ष 203 खेत तालाब एवं 17 अमृत सरोवर के कार्य चिंहित

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत इस वर्ष 203 खेत तालाब निर्माण, 11 पुल, पुलिया पर वाटर रिटेनिंग स्ट्रक्चर, 169 जल संरचनाओं का गहरीकरण कर मिट्टी निकालने, 54 जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार तथा 30 नये अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य चयनित किया गया है।